**रेलवे द्वारा कृषि उत्पादों की ढुलाई**

705. **डा० बापू कालदाते :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलवे ने महाराष्ट्र के किसानों को आम, संतरे और अन्य कृषि उत्पादों की ढुलाई की आवश्यकताओं के अनुरूप पर्याप्त संख्या में उन्हें माल डिब्बे उपलब्ध नहीं कराए हैं;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) वर्ष 1992 के दौरान कितने माल डिब्बों की आवश्यकता है और अब तक कितने माल डिब्बे उपलब्ध कराए गए हैं; और

(घ) सरकार भविष्य में माल डिब्बों की मांग को पूर्णरूप से पूरा करने के लिए क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) :** (क) से (घ) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

**दिल्ली/नई दिल्ली रेलवे स्टेशनों पर प्लेट फार्म टिकटों की दैनिक बिक्री**

706. **श्री शंकर दयालु सिंह :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली और नई दिल्ली रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफार्म टिकटों की औसतन दैनिक बिक्री कितनी है ; और

(ख) पिछले तीन महीनों के दौरान दिल्ली/नई दिल्ली में प्लेटफार्म टिकटों की बिक्री का ब्यौरा क्या है ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) :** (क) दिल्ली और नई दिल्ली स्टेशनों पर प्लेटफार्म टिकटों की दैनिक औसत बिक्री इस प्रकार है :–

| | |
|---|---|
| दिल्ली | 11302/– रुपये |
| नई दिल्ली | 25150/– रुपये |

(ख) पिछले तीन माह के दौरान दिल्ली/नई दिल्ली में प्लेटफार्म टिकटों की बिक्री का ब्यौरा नीचे दिया गया है :–

| स्टेशन | माह | बिक्री किए गए प्लेटफार्म टिकटों की संख्या | राशि |
|---|---|---|---|
| नई दिल्ली . . | अप्रैल, 92 | 513673 | 770509 रुपये |
| | मई, 92 | 506992 | 760488 रुपये |
| | जून, 92 | 505113 | 757670 रुपये |
| दिल्ली . . | अप्रैल, 92 | 207846 | 311769 रुपये |
| | मई, 92 | 251676 | 377514 रुपये |
| | जून, 92 | 226146 | 339219 रुपये |